**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**24.07.2026/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/15:00बजे**

## सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने आज केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को नीट–यूजी पेपर लीक मामले के बाद सुधारों को लागू करने में हुई प्रगति पर एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक आराधे की पीठ ने नीट पेपर लीक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हलफनामे में केवल अस्थायी उपायों पर निर्भर रहने के बजाय सुधारों को संस्थागत रूप देने के लिए उठाए गए कदमों का स्पष्ट विवरण होना चाहिए। पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर कड़ी निगरानी रखेगी और नियमित रूप से इसकी समीक्षा करती रहेगी। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से यह भी पूछा कि वह परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम में बदलने के लिए क्या कदम उठा रही है। केंद्र सरकार की ओर से पेश भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा ज़िला के देहरा स्थित दुर्गेश अरण्य अंतर्राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में थिमेटिक गार्डन परियोजना का शुभारंभ किया। उन्होंने परियोजना के कार्यान्वयन के लिए राज्य जैव विविधता बोर्ड के माध्यम से मुख्य वन्य जीव संरक्षक को 4 करोड़ रूपये की राशि जारी की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि थिमेटिक गार्डन जैव विविधता के संरक्षण के साथ साथ वैज्ञानिक अनुसंधान व ईको टूरिज़्म को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इसके तहत फिकेरियम विकसित कर इसमें फाइक्स की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## नितिन गडकरी

केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि केन्द्र सरकार सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हिमाचल प्रदेश में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। सांसद सुरेश कश्यप द्वारा लोकसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इलैक्ट्रॉनिक डिटेल्ड एक्सीडेंट रिपोर्ट और ए आई आधारित विश्लेषण के माध्यम से वर्ष 2023 से 2025 के दौरान हिमाचल प्रदेश में 11 दुर्घटना संभावित कॉरिडोर चिन्हित किए गए हैं। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि हिमाचल में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास व रखरखाव के लिए 3 हजार 8 सौ 32 करोड़ रूपए आबंटित हुए हैं जिनमें से 3 हजार 8 सौ 18 करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं। उन्होंने बताया कि

वर्ष 2026–27 में 30 जून तक एक हजार 5 सौ 11 करोड़ रूपए आबंटित किए गए हैं जिनमें से एक हजार एक सौ 9 करोड़ रूपए खर्च किए जा चुके हैं।

**दुर्घटना**

मंडी ज़िले के जोगिन्द्रनगर उपमंडल के गुम्मा क्षेत्र में पहाड़ी से अचानक चट्टानें गिरने से एक महिला की मौके पर मृत्यु हो गई, जबकि 7 अन्य घायल हो गए हैं। घायलों का सिविल अस्पताल जोगिन्द्रनगर में उपचार चल रहा है। कुल्लू ज़िला के सुल्तानपुर निवासी ये सभी लडभड़ोल स्थित सिमसा माता मंदिर दर्शनों के लिए जा रहे थे। मृतक महिला की पहचान रामेश्वरी शर्मा के तौर पर हुई है।

**घेपन यात्रा**

जनजातीय ज़िला लाहौल–स्पिति की समृद्ध देव परंपरा की प्रतीक राजा घेपन की ऐतिहासिक मलाणा यात्रा कल 25 जुलाई से शुरू हो रही है। करीब दो दशक बाद आयोजित हो रही ये यात्रा 7 दिनों में पूरी होगी। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे लाहौल–स्पिति ज़िला संवाददाता..........

**आयकर दिवस**

आज देश भर में आयकर दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस विकसित भारत की कर प्रणाली में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का प्रतीक है। इस दौरान आयकर विभाग के कार्य और उसके योगदान को याद किया जाता है। यह पारदर्शी, प्रौद्योगिकी–आधारित और करदाता–हितैषी कर प्रशासन की दिशा में देश की निरंतर प्रगति को दर्शाता है।

———————————————————————